# FIRST INFORMATION REPORT

**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

**(प्रथम सूचना रिपोर्ट)**

**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** SIRMAUR(NAHAN) **Year(वर्ष):** 2022
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0003 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 19/01/2022 17:05 PM

2.

| S.No.(क्र.सं.) | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** **Date From(दिनांक से):** **Date To(दिनांक तक):**
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

   (b) **Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date(दिनांक):** 19/01/2022 **Time (समय):** 15:42 PM
   (c) **General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ): Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 006 **Time (समय):** 19/01/2022 15:42 PM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** NORTH-EAST, 90 Km(s) **Beat No(बीट सं.) :**
      (b) **Address(पता):**
      (c) **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** SHILLAI **District(State)(ज़िला(राज्य)):** SIRMAUR(HIMACHAL PRADESH)

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   (a) **Name(नाम):** Jagat Singh
   (b) **Father's Name (पिता का नाम):** Miniya
   (c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** 1970 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   (e) **UID No (यूआईडी सं.):**
   (f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   (g) **Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )**

| S.No.(क्र.सं.) | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   (h) **Occupation (व्यवसाय):**

   (i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-Bela Baswa, TEHSIL-Shillai, PS-SHILLAI, DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE-Bela Baswa, TEHSIL-Shillai, PS:SHILLAI, DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

   (j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**
   **Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhagat Singh | | VILLAGE-Pradhan GP Bela,TEHSIL-Shillai,PS-SHILLAI,DISTRICT-SIRMAUR,STATE-HIMACHAL | VILLAGE-Pradhan GP Bela,TEHSIL-Shillai,PS-SHILLAI,DISTRICT-SIRMAUR,STATE-HIMACHAL |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | PRADESH,INDIA | PRADESH,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ती के प्रकार) | Nature Property (प्रकृति संपत्ति) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

**10. Total value of property stolen (In Rs/-) (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) ):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण न॰, यदि कोई हो ):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

**12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

इस समय एक रुक्का/शिकायत पत्र, Preliminary verification report सहित अभियोग पंजीकृत करने हेतू बदस्त HHC प्रमाण सिंह के थाना में प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण इस प्रकार है,-"सेवा में, डी.एस.पी. साहव विजिलेन्स नाहन। विषयः-ग्राम पंचायत बेला के प्रधान भगत सिंह द्वारा बिल पास कराने हेतु रिश्वत की मांग बारा। श्रीमान जी, सविनय निवेदन है कि मैं जगत सिंह पुत्र श्री मिनीया गांव व डा0 घर बेला तह0 शिलाई जिला सिरमौर का स्थाई निवासी हुँ तथा दिहाड़ी मजदूरी व बेलदारी का काम करता हुँ। वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत बेला बशवा में मनरेगा हेड के अन्तर्गत चैक डैम डाबर खाला का कार्य स्वीकृत हुआ था। उक्त कार्य के लिये मेरे, मेरी पत्नि ऊमा देवी, चम्बेल सिंह व smt. कमो देवी, खजान सिंह व सुनील वर्मा के नाम पर दो मस्ट्रोल जारी हुये थे। ग्राम पंचायत बेला बशवा के प्रधान भगत सिंह ने उपरोक्त कार्य मुझे अपनी देखरेख में करने के लिए कहा था। तथा उक्त कार्य के लिये निर्माण सामग्री भी मुझे ही supply करने के लिये कहा था। इस कार्य के लिए मैंने स्थानीय खड्ड से रेत, बजरी व पत्थर की स्पलाई खच्चरों व गाडी से की है। उक्त कार्य के लिये दो मस्ट्रोलों की पेमेन्ट मु0 24060/-रु0 जारी हो चुकी है तथा मु0 173045/- रु0 निर्माण सामग्री के लिए भी जारी हो चुके हैं। अब उक्त कार्य के निर्माण के सम्वन्ध में 200688/-रु0 की राशि निर्माण सामग्री के लिए जारी की जानी है उक्त राशी में सिमेन्ट के लिए खर्च राशी भी शामिल है। चैक डैम डाबर खाला अभी निर्माणाधीन है तथा ग्राम पंचायत बेला बशवा का प्रधान भगत सिंह उक्त राशी को जारी करने के लिये 20 हजार रु0 बतौर रिश्वत माँग रहा है। मैने प्रधान भगत सिंह के साथ रिश्वत की माँग की बात अपने मोबाईल फोन में भी रिकार्ड कर रखी है। मैं रिश्वत नहीं देना चाहता हुँ। भगत सिंह प्रधान ग्राम पंचायत वेला बशवा के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। हस्त0- जगत सिंह जगत सिंह S/O Sh. मिनीया R/O VPO बेला वशवा त0 शिलाई जिला सिरमौर दिनांक 18-1-2022. उपरोक्त शिकायत पत्र Pre-verification हेतू निरीक्षक अश्वनी कुमार द्वारा उप नि0 हरिदास को मार्क किया गया। उप नि0 हरिदास द्वारा प्रस्तुत Pre-verification Report:- श्रीमान जी, राजकीय कार्य से निवेदन है कि दिनांक 18.01.2022 को श्री जगत सिंह पुत्र श्री मिनीया निवासी गांव व डाकघर वेला वशवा तहसील शिलाई जिला सिरमौर का शिकायत पत्र प्री-वैरिफिकेशन के लिये महोदय द्वारा मुझे दिया गया था। शिकायत पत्र में श्री जगत सिंह ने आरोप लगाये हैं कि उसने ग्राम पंचायत वेला द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत चैक डैम डावर खाला के निर्माण में दिहाडी मजदूरी का कार्य किया है तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति भी की है। उसकी मस्ट्रोल के मुवलिक 24060/- रुपये की पेयमेंट जारी की जा चुकी है तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिये 1,73,045/- रुपये की राशि भी ग्राम पंचायत द्वारा जारी की चुकी है। अब उसकी निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु मुवलिक 2,00,688/- रुपये की राशि ग्राम पंचायत वेला के पास लम्बित है। ग्राम पंचायत वेला बशवा का प्रधान भगत सिंह उक्त लम्बितत राशि को जारी करने के लिये शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये बतौर रिश्वत देने की मांग कर रहा है। शिकायत पत्र की प्री-वैरिफिकेशन मन उप-निरीक्षक द्वारा दिनांक 19.01.2022 को अमल में लाई गई। प्री-वैरिफिकेशन के दौरान शिकायतकर्ता श्री जगत सिंह के स्थाई पते की तसदीक की गई जो तसदीक के दौरान शिकायतकर्ता गांव वेला बशवा का स्थाई निवासी पाया गया। तसदीक के दौरान पाया गया कि भगत सिंह वर्ष 2021 से ग्राम पंचायत वेला बशवा का प्रधान निर्वाचित है तथा शिकायतकर्ता व आरोपी के बीच किसी भी प्रकार की आपसी रंजिश न है। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत रिकार्ड की तसदीक करने पर पाया गया कि चैक डैम डावर खाला के निर्माण में निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिये ग्राम पंचायत वेला बशवा के पास 2,00,688/- रुपये लम्बित है। शिकायतकर्ता श्री जगत सिंह द्वारा अपने मोवाईल फोन में रिकार्ड की गई वातचीत को भी सुना गया, जिसमें आरोपी भगत सिंह द्वारा 20 हजार रुपये की राशि बतौर रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई है। गुप्त सूत्रों के माध्यम से भगत सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत वेला बशवा के चरित्र की तसदीक की गई तथा तसदीक के दौरान आरोपी भगत सिंह के रिश्वत लेने की गतिविधियों में संलिप्त होने बारा पता चला है। जो शिकायत पत्र की प्री-वैरिफिकेशन के दौरान शिकायत पत्र में लगाए गये आरोपों की पुष्टि होना पाया गया है। आरोपी का कृत्य जुर्म निम्न धारा 7 भ्रष्टाचार रोधी अधिनियम 1988 (As amended in 2018) की जद में आना पाया जा रहा है। अतः आरोपी भगत सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत वेला बशवा के विरूद्द मुकदमा U/S 7 P.C. Act (As amended in 2018) में दर्ज करने की अनुशंसा की जाती है। अतः प्री-वैरिफिकेशन रिपोर्ट मय शिकायतपत्र आगामी कार्यवाही हेतु सेवा में प्रेषित है।Sd/- (हरीदास) उप निरीक्षक/जांच अधिकारी, थाना रा0स0एवं भ्र0 रोधी ब्यूरो, नाहन, जिला सिरमौर (हि0 प्र0) दिनाँक 19.01.2022। कार्यवाही मौका-सेवा में, उप-पुलिस अधीक्षक महोदय/प्रभारी थाना, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी व्यूरो,नाहन जिला सिरमौर हि.प्र.। विषयः-शिकायतपत्र श्री जगत सिंह, में अभियोग पंजीकृत करने के सन्दर्भ में ।श्रीमान जी, राजकीय कार्य से निवेदन है कि दिनांक 18.01.2022 को मन निरीक्षक सहयोगी कर्मचारियों के साथ सरकारी गाडी में मुताबिक रपट नं0 008 दिनांक 18.01.2022 हालात तसदीक करने के लिये कफोटा पहुंचा तो कफोटा में

शिकायतकर्ता श्री जगत सिंह पुत्र श्री मिनीया निवासी गांव व डाकघर बेला बशवा तहसील शिलाई जिला सिरमौर मुझे मिला। श्री जगत सिंह ने एक शिकायत पत्र मुझ निरीक्षक के पेश किया जिसमें उसने आरोप लगाये हैं कि उसने ग्राम पंचायत वेला द्वारा मनरेगा योजना के अन्तर्गत चैक डैम डावर खाला के निर्माण में दिहाडी मजदूरी का कार्य किया है तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति भी की है। उसकी मस्ट्रोल के मुवलिक 24060/- रुपये की पेयमेंट जारी की जा चुकी है तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिये 1,73,045/- रुपये की राशि भी ग्राम पंचायत द्वारा जारी की जा चुकी है। अब उसकी निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु मुवलिक 2,00,688/- रुपये की राशि ग्राम पंचायत वेला के पास लम्वित है। ग्राम पंचायत वेला बशवा का प्रधान भगत सिंह उक्त लम्वित राशि को जारी करने के लिये शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये बतौर रिश्वत देने की मांग कर रहा है। शिकायत पत्र को preliminary verification के लिये दिनांक 18.01.2022 को मुझ निरीक्षक द्वारा साथी कर्मचारी उप-निरीक्षक हरी दास जांच अधिकारी को दिया गया। उप0 निरीक्षक हरी दास द्वारा गुप्त सूत्रों के माध्यम से शिकायतपत्र की तसदीक की तथा preliminary verification रिपोर्ट ईमरोज मुझ निरीक्षक के पेश की। शिकायतकर्ता जगत सिंह के शिकायतपत्र व preliminary verification रिपोर्ट के आधार पर आरोपी/संदिग्ध भगत सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत बेला बशवा के खिलाफ जुर्म निम्न धारा 07 भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) घटित होना पाया जा रहा है। अतः अभियोग पंजीकृत करके मिसल मुकदमा से सूचित करें। शिकायत पत्र मय preliminary verification रिपोर्ट मा0 मु0 आ0 प्रमाण सिंह के माध्यम से थाना प्रेषित किया जा रहा है। मैं निरीक्षक मौका पर आरोपी भगत सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत बेला बशवा को ट्रैप करने की कार्यवाही में व्यस्त होता हूं। Sd- निरीक्षक अश्वनी कुमार अन्वेषणाधिकारी, पुलिस थाना SV&ACB नाहन जिला सिरमौर। Camp at कफोटा दिनांक 19.01.2022 समय 11.30 am. कार्यवाही अज थाना- प्राप्त रुक्का/शिकायत पत्र के विवरण से जुर्म निम्न धारा 7 of PC Act 1988 (as amended in 2018) का घटित होना पाया जा रहा है। जिसपर अभियोग पंजीकृत थाना किया गया। FIR की जरुरी कापियां तैयार की जा रही हैं। जो अवलोकनार्थ उच्च अधिकारियों की सेवा में भेजी जा रही हैं। FIR को ही Special Report समझा जाए। FIR की प्रति इसी समय बदस्त आ0 विरेन्द्र कुमार के सूचनार्थ Ld. Special Judge Nahan की सेवा में भेजी जा रही है तथा मिसल मुकद्मा तैयार करके मानक मु0 आ0 प्रमाण सिंह के पास दी जाकर मौका जाय वकूह का रवाना किया जा रहा है।

**13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही: चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं.2.में उल्लेख धारा के तहत है |):**

**(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

**(2) Directed (Name of I.O.):(जांच अधिकारी का नाम ):** Ashwani Kumar **Rank (पद):** INSP. (Inspector)
**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया )**

**(3) Refused investigation due to(जांच के लिए):**
**or (के कारण इंकार किया या)**

**(4) Transferred to P.S.** **District(ज़िला):**
**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |)**
**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

Signature/हस्ताक्षर

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name(नाम):** Tarnjeet Singh
**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)
**No(सं.):** NA

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)**